# तीन प्रमुख मांगों पर अड़े पटवारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**मंडला,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आवाहन पर मंडला जिले के पटवारी भी तीसरे दिन कलेक्टर मार्ग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे।

पटवारियों ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा उनकी पांच सूत्रीय मांगों में से दो मांगों पर निर्णय लिया जा चुका है, लेकिन तीन प्रमुख मांगें अब भी लंबित हैं। जब तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर मौजूद पटवारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना तथा जॉब प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना शामिल है। इसके अलावा वित्तीय लंबित भुगतानों और नवनियुक्त पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने की भी मांग की जा रही है।

पटवारी संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर कई बार शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण प्रदेशभर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। हड़ताल के चलते जिले में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों का संधारण सहित कई राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी शेष प्रमुख मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा।



# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 14 बोतल शराब जब्त

**मंडला,देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने मंडला शहर में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली शैयाम के मार्गदर्शन में चले इस अभियान के तहत हुई कार्रवाई के दौरान राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पुरवा क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान आरोपी सुरेश कच्छवाहा के कब्जे से विक्रय के लिए रखी गई 14 नग देसी एवं विदेशी शराब बरामद कर जब्त की। वहीं रामबाग स्थित बिग डैडी रेस्टोरेंट की भी तलाशी ली गई। जांच में वहां अवैध मदिरा विक्रय नहीं पाए जाने पर नियमानुसार तलाशी पंचनामा तैयार किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में नायब तहसीलदार राकेश कटारया सहित आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा।

# वरिष्ठ पेंशनर्स का किया सम्मान

## सदस्यता वृद्धि का लिया संकल्प

**मंडला,देशबन्धु।** विगत दिवस वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला शाखा मंडला की बैठक जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय की अध्यक्षता में तथा हरिराम कछवाहा, एम आर धुर्वे, डी आर रघुवंशी, श्रीनाथ सिंह ठाकुर तथा हीरेन्द्र राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। प्रारंभ में जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय ने धारा 49 की समाप्ति में मंडला जिले से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



बताया गया कि इन्कम टैक्स रिटर्न भरने में अब विलंब शुल्क लगेगा, जिनके खाते स्टेट बैंक में हैं,वे अपने खाते सी पी पी पेंशन खाते में परिवर्तित करा लें। रिटायरमेंट के समय काटी राशि को पी पी ओ के द्वितीय पृष्ठ पर देखें,अगर वसूली की गई है तो वापस मिल सकती है। इसके लिए संगठन से संपर्क करें। इसके बाद हाल ही में सेवानिवृत्त हुए सुधीर कांसकार, राजेश कुमार ठाकुर, एन एल झरिया, प्रदीप कुमार पटेल, अजय चक्रवर्ती, जीवन लाल यादव, श्री गजानंद सिंगरौरे, सुमित्रा सोनवानी की सेवानिवृत्ति पर पुष्पहारों से,शालसे सम्मानित कर पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दिन डी आर रघुवंशी तथा चन्द्रगुप्त नामदेव के जन्मदिन पर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। जिले के सभी विकासखंड शाखाओं को एक एक बैनर वितरित कर नियमित मासिक बैठक आयोजित करने को कहा गया। बैठक में तहसील व ब्लॉक अध्यक्षों को प्रतिमाह निर्धारित तिथि को बैठक आयोजित करने को कहा गया। जिसमें जिले से प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में जिला सचिव श्री एन के शुक्ला, तथा कोषाध्यक्ष श्री एस के पटेल ने प्रतिनिधियों का सम्मान किया। बैठक का संचालन राजेश गौतम ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ बैठक का समापन किया गया।

## सार-समाचार



# जन विश्वास अभियान मोहगांव से 7 अगस्त से होगा प्रारंभ

### कलेक्टर ने दिए तैयारियों के निर्देश

**मंडला,देशबन्धु।** जिले में शुक्रवार 7 अगस्त से 'जन विश्वास अभियान' शुरू हो रहा है। इसका पहला कार्यक्रम मोहगांव में आयोजित किया जाएगा। जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने सभी विभाग प्रमुखों को अभियान से जुड़ी तैयारियाँ समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री धोटे ने बताया कि अभियान के तहत भ्रमण, निरीक्षण, शिविर, जनसंवाद, उद्यमी संवाद और जनप्रतिनिधि संवाद जैसे सभी सोपानों में संबंधित विभागों की भागीदारी अनिवार्य होगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने कहा कि शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। अभियान अवधि में कार्य की गति बनाए रखनी है क्योंकि अंतिम रैंकिंग अभियान के समापन पर जारी की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियाँ प्रारंभ

बैठक में 15 अगस्त को पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद को आपसी समन्वय से ग्राउंड तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागों में भी समारोह की तैयारियां सुनिश्चित करने, शासकीय कार्यालयों में रोशनी कराने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व कारगिल वीरों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, अपर कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# पार्किंग स्टेशन बन कर रह गया मंडला रेलवे स्टेशन

**मंडला,देशबन्धु।** आज पहली बार मंडला रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे का बीआरएन रैक देखा गया जब भी खाली मालगाड़ी के रैक या एक्सप्रेस ट्रेनों के खाली कोच खड़े करने की बात आती है तब रेलवे प्रशासन को मंडला स्टेशन की याद तुरंत आती है, लेकिन जैसे ही मंडला की जनता के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेनों बेहतर यात्री सुविधाओं और नियमित सेवाओं ट्रेनों की मांग उठती है तब प्रशासन के पास बहानों की लंबी लिस्ट तैयार मिलती है, आखिर क्यों मंडला के यात्रियों के साथ यह दोहरा रवैया कब तक चलेगा, यदि मंडला स्टेशन खाली कोच और रैक खड़े करने की क्षमता रखता है तो फिर यही से यात्रियों की सुविधाओं के लिए नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू करने में आखिर क्या अड़चन है, मंडला रेलवे स्टेशन मालगाड़ियों, खाली कोच और रैक खड़े करने के लिए नही बल्कि क्षेत्र की जनता के सुगम यातायात के लिए बनाया गया है अब मंडला के यह उपेक्षापूर्व बंद करना होगा और क्षेत्र के यात्रियों के उसका हक मिलना चाहिए।

# चौरसिया समाज की बैठक आज

**मंडला,देशबन्धु।** चौरसिया समाज के आगामी कार्यक्रम नाग पंचमी और दुर्गा उत्सव की तैयारियो को लेकर गुरुवार 6 अगस्त दादी की बगिया में मीटिंग का आयोजन किया गया है। अधिक जानकारी के लिये 8982864647 पर संपर्क करे। समय व स्थान - दादी की बगिया, 6 अगस्त शाम 8 बजे

# पीएम आवास योजना प्रारंभिक पात्रता सूची जारी

**मंडला,देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मंडला ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक के अंतर्गत प्रारंभिक पात्रता सूची जारी कर दी है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी मंडला के आदेशों के परिप्रेक्ष्य में गठित जांच दल द्वारा सत्यापन के बाद 21 आवेदकों को प्रारंभिक रूप से पात्र पाया गया है। यदि किसी नागरिक अथवा अन्य व्यक्ति को जारी पात्रता सूची पर कोई आपत्ति हो, तो वह विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में लिखित आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर नगर पालिका परिषद मंडला में प्रस्तुत कर सकता है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

# चिरईडोंगरी में आवारा कुत्तों का कहर, बच्चों की सुरक्षा के चलते स्कूल और आंगनबाड़ी बंद

**मंडला,देशबन्धु।** जिले की नारायणगंज तहसील के ग्राम चिरईडोंगरी में आवारा कुत्तों के लगातार हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार को साप्ताहिक हाट के दौरान कुत्तों ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें 25 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। घायलों में कई बच्चों और महिलाओं सहित करीब आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के बाद पूरे गांव में भय का वातावरण बन गया। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बुधवार को शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के साथ आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन स्थगित रखा गया। अभिभावकों से भी बच्चों को घरों से बाहर अकेले नहीं भेजने की अपील की गई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साप्ताहिक बाजार में अचानक एक के बाद एक कई लोगों पर कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक आवारा कुत्ता सड़क पर जा रही एक बच्ची पर झपटता दिखाई देता है। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल हस्तक्षेप कर बच्ची को सुरक्षित बचा लिया।

माध्यमिक शाला चिरईडोंगरी के प्रभारी चैनसिंह मरावी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी वजह से एहतियात के तौर पर बच्चों को विद्यालय नहीं बुलाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण आवारा पशु और कुत्ते आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं। इस समस्या से प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को पहले भी अवगत कराया जा चुका है तथा सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने भी बताया कि गांव में फैले भय के कारण बच्चों को केंद्र नहीं बुलाया गया है। इसकी सूचना संबंधित पर्यवेक्षक एवं विभागीय अधिकारियों को भेज दी गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय से मांग की है कि आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़ने की व्यवस्था की जाए, ताकि गांव में सामान्य स्थिति बहाल हो सके और बच्चों की पढ़ाई तथा आंगनबाड़ी गतिविधियां दोबारा शुरू की जा सकें।

# पत्नी के न आने पर इंजीनियर ने कर ली आत्महत्या

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले के किसलपुरी गांव में 30 वर्षीय इंजीनियर सौरभ पाठक ने बुधवार सुबह सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। मॉर्निंग वॉक से लौटने के बाद उसने सो रहे पिता को जगाया। उनके पैर पकड़कर अपने जहर खाने की जानकारी दी। मृतक के पिता सतीश पाठक ने रोते हुए बताया कि सौरभ उनका इकलौता बेटा था। उसे बड़े अरमानों से पढ़ाया-लिखाया और इंजीनियरिंग कराई। दिसंबर 2025 में शहडोल के बुढ़ार निवासी अशोक पांडेय की बेटी काजल उर्फ नैना से उसकी शादी कराई थी।

**शादी के कुछ समय बाद से ही तनाव** - परिजन का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पारिवारिक तनाव शुरू हो गया था। 3 मई को बहू अपने भाई के साथ मायके चली गई। फिर वापस आने से इनकार कर दिया। पिता ने बताया कि उन्होंने समधी से बात कर बहू को भेजने का निवेदन किया, लेकिन उन्होंने एक साल तक नहीं भेजने की बात कही। पत्नी के नहीं लौटने से सौरभ तनाव में था। उसने एक बार पिता से तलाक लेने की बात भी कही थी, लेकिन पिता उसे दिलासा देते रहे। पड़ोसियों और परिजन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 5 बजे सौरभ वॉक पर निकला था। रास्ते में एक दुकान पर चाय पीने के बाद वह सुबह करीब 7.30 बजे घर लौटा। घर आकर उसने सो रहे पिता के पैर छुए और कहा- पापा, मैंने सल्फास की गोली खा ली है। यह सुनते ही घर में हड़कंप मच गया और परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**कॉल डिटेल खंगालेगी पुलिस** - घटना की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है। पति-पत्नी के बीच हुई बातचीत, वॉट्सएप चैट और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गांव में ही हो समस्याओं का समाधान, आमजन को न करना पड़े अनावश्यक आवागमन : कलेक्टर

## नैनपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कही बात

**मंडला, देशबन्धु।** प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पटवारी, सचिव एवं सरपंच ग्राम पंचायत में नियमित रूप से बैठक आयोजित करें, ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें तथा स्थानीय स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। यह कहना हैं कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का। यह बात उन्होंने नैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत ओहानी में आयोजित 'हमारा गांव-हमारा समाधान' शिविर के दौरान कही।

उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए आमजन को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तथा फार्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क औषधि वितरण स्टॉल का भी अवलोकन किया तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। शिविर के उपरांत कलेक्टर ने नैनपुर स्थित एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं जनसेवा संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को पारदर्शी, समयबद्ध एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली अपनाने के लिए कहा। इस दौरान एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत, सरपंच श्रीमती सुमंत्रा मर्सकोले, उप सरपंच श्रीमती सरला झारिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



ग्राम ओहानी में 'हमारा गांव-हमारा समाधान' शिविर में पहुँचे कलेक्टर



# थावर डैम को पर्यटन से जोड़ने की पहल

## होम-स्टे के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को मिलेगा प्रोत्साहन : कलेक्टर

**मंडला,देशबन्धु।** नैनपुर क्षेत्र स्थित थावर डैम का भ्रमण कर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जलाशय के जलस्तर, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने डैम क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र में होम-स्टे विकसित किए जाने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि थावर डैम का प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण परिवेश, फिशिंग गतिविधियाँ तथा आकर्षक डैम व्यू पर्यटकों को आकर्षित करने की पर्याप्त क्षमता रखते हैं। इन संभावनाओं का समुचित उपयोग कर स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं।

# ग्रामीणों को बैंकिंग, बचत और केवाईसी अपडेट रखने के प्रति किया गया जागरूक

**मंडला,देशबन्धु।** भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंडला द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता केंद्र के तत्वावधान में जिले के सभी नौ विकासखंडों में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना, नियमित बचत की आदत विकसित करना तथा समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन सीएफएल की क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में ब्लॉक काउंसलर्स एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से किया गया। शिविरों में प्रतिभागियों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन, सरकारी वित्तीय योजनाओं और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। ब्लॉकवार आयोजित शिविरों में काउंसलर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई। इनमें मोहगाँव में नाजिम साही, निवास में श्री प्रवीण राय, नारायणगंज में सुनील मोंगरे, घुघरी में कमलेश दुबे तथा मंडला विकासखंड में शिवप्रसाद नंदा ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



--सार्वजनिक सूचना --

**शिवंशी इंडिया निधि लिमिटेड**

**(कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत - CIN: 65999MP2019PLC049121)**

पंजीकृत कार्यालयः रिलायंस पेट्रोलपंप के पीछे, रॉयल किड्स स्कूल के पास, बिझिया, जिला - मंडला ( म.प्र. )

संबंधित समस्त सदस्यों, जमाकर्ताओं एवं सर्वसाधारण हेतु आवश्यक सूचना

सर्व साधारण एवं कंपनी के सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कतिपय असामाजिक तत्वोंद्वारा शिवंशी इंडिया निधि लिमिटेड के संबंध में भ्रामक एवं असत्य अफ़वा हें फैलाई जा रही हैं।इस संबंध में वस्तु स्थिति निम्नानुसार हैः

कानूनी स्थितिः शिवंशी इंडिया निधि लिमिटेड भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ( MCA ) के तहत पंजीकृत निधि कंपनी है। प्रचलित नियमों के अनुसार निधि कंपनियों को भारतीय रिजर्व बैंक ( RBI ) से अलग से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होती है। कंपनी पूर्णतः वैध एवं नियमानुसार संचालित है। भुगतान में देरी का कारणः ई.ओ.डब्ल्यू. ( EOW ) जबलपुर द्वारा की गई जांच कार्यवाही के दौरान कंपनी के मुख्य व्यावसायिक एवं ऋण वसूली संबंधी मूल दस्तावेज ले जाए जाने के कारण वर्तमान में ऋण वसूली प्रक्रिया में बाधा आई है। इसके कारण सदस्यों के परिपक्वता ( Maturity ) भुगतान में अस्थायी विलंब हुआ है। कार्यालय संचालन कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अपने निर्धारित पते ( बिझिया, मंडला ) पर निरंतर कार्यरत है।

- अपील -

कंपनी प्रबंधन अपने सभी सदस्यों की जमा राशि के प्रति पूर्णतः उत्तरदायी है तथा दस्तावेजों की प्रतिलिपि मिलते ही वसूली प्रक्रिया तेजकर चरणबद्ध तरीके से सभी दायित्वों का निपटारा किया जाएगा। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अफ़वाहों व भ्रम में न आवें तथा धैर्य एवं सहयोग बनाए रखें।

प्रबंधन / संचालक मंडल

शिवंशी इंडिया निधि लिमिटेड, मंडला ( म.प्र. )